Rastriya Sahara- New Delhi-16-07-2011

डीटीयू : दूसरी कटऑफ जारी

नई दिल्ली (एसएनबी)। दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी (डीटीयू) ने शुक्रवार को अपनी दूसरी कट ऑफ लिस्ट जारी की। बीटेक कोर्स में दाखिले के लिए जारी इस लिस्ट में जिन छात्रों की रैंक आई है वे 18 और 19 जुलाई को आवश्यक दस्तावेजों के साथ विश्वविद्यालय से संपर्क करें। लिस्ट के अनुसार दिल्ली के जनरल क्षेणी के 12904 रैंक तक के छात्र इस लिस्ट के तहत एडमिशन के लिए योग्य हैं जबकि दिल्ली के बाहर जनरल क्षेणी के छात्रों का रैंक 3281 रखा गया है। इसी प्रकार दिल्ली के ओबीसी श्रेणी के अंतर्गत आने वाले छात्र 38,386 रैंक तक के छात्र जबकि दिल्ली के बाहर के ओबीसी क्षेणी के छात्रों के लिए रैंक 9,642 निर्धारित किया गया है। दिल्ली के एससी क्षेणी के 109620 रैंक है जबकि दिल्ली के बाहर के एससी क्षेणी के छात्रों के लिए 44475 रैंक कट ऑफ रखा गया है। दिल्ली के एसटी क्षेणी के 292416 रैंक है जबकि दिल्ली के बाहर के एसटी छात्र 87845 रैंक तक कट ऑफ के तहत दाखिले के लिए इस लिस्ट में योग्य हैं।

डूटा का चुनाव 25 अगस्त को

नई दिल्ली (एसएनबी)। डीयू टीचर्स एसोसिएशन (डूटा) के चुनाव की तारीख की घोषणा कर दी गई है। डूटा के अध्यक्ष और सदस्यों का चुनाव 25 अगस्त को होगा। चुनाव से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चुनाव के लिए उम्मीदवारों 20 अगस्त तक नाम वापस ले सकते हैं, जबकि नामांकन की आखिरी तारीख 19 अगस्त है। कि चुनाव से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मेंबर्स के लिए फाइनल इलैक्ट्रॉल रोल 16 अगस्त को पूरा कर लिया जाएगा। इसमें जो सदस्य शामिल होंगे उन्हें ही वोट देने के लिए बुलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि नोमिनेशन के लिए फार्म भरने की अंतिम तारीख 19 अगस्त नाम वापस लेने के लिए 20 अगस्त है। इन सभी जरूरतों को पूरा करने